हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 5 मार्च 2025

11 भिवानी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों...



12 फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने ...



!! महायोगी गुरुगोरक्षनाथाय नमः!!
!! श्री बाबा मस्तनाथो विजयतेतराम्!!


गोरक्ष स्वरूप सिद्ध शिरोमणि
बाबा मस्तनाथ जी महाराज




BABA MASTNATH UNIVERSITY ROHTAK
विधेयम् जन सेवनम्

सादर आमंत्रण

18वीं सदी से चली आ रही परम्परानुसार

## सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी

की पुण्य स्मृति में लगने वाला


तपस्वी रणपतनाथ योगी जी


तपस्वी मानधातानाथ योगी जी

# सालाना मेला व भण्डारा

दिनांक : 6, 7 व 8 मार्च, 2025

तदनुसार फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष : सप्तमी, अष्टमी, नवमी को मनाया जा रहा है।

इस बहुआयामी आध्यत्मिक मेले में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। अतः सभी महानुभाव, साधु-संत, योगी-संन्यासी, माता बहनें, बच्चे-बुजुर्ग एवं श्रद्धालु, परिजन-पूरजन-स्वजन के साथ पहुँचकर मेले का आनन्द उठाएँ तथा बाबा जी की दिव्य कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करें।


श्रीयुत् श्रेयोनाथ जी महाराज


श्रीयुत् चाँदनाथ जी महाराज

मेले के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

## विशाल भजन संध्या | इनामी कुश्ती दंगल

दिनांक : 6 मार्च, 2025

दिनांक : 8 मार्च, 2025

कुश्ती दंगल के इनाम

पहला इनाम ₹ 1,51,000/-
दूसरा इनाम ₹ 1,00,000/-
तीसरा इनाम ₹ 51,000/-
चौथा इनाम ₹ 31,000/-

इसके अलावा और भी अन्य इनाम दिये जाएंगे।





शुभचिंतक - महंत बालकनाथ योगी

गद्दीनशीन महंत श्री बाबा मस्तनाथ मठ, अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा) | कुलाधिपति-बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय | विधायक-तिजारा एवं पूर्व सांसद, अलवर व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा (राजस्थान)

MahantBalaknathyogiIndia @MahantBalaknath Mahant Balaknath Yogi https://bmu.ac.in

BMU BABA MASTNATH UNIVERSITY
Asthal Bohar, Rohtak, Haryana, 124021, INDIA
www.bmu.ac.in
Email: registrarbmu@gmail.com

SBMN RESI. SAINIK SCHOOL
Asthal Bohar, Rohtak-124021
Ph : 9053066641/42
www.sbmnssrps.com

SBMN SCHOOL
Civil Road, Rohtak-124001
Ph : +91-1262-256267
www.smpsrohtak.com

## खबर संक्षेप



लोहारू। चौ बंसीलाल कॉलेज में एनएसएस शिविर के दौरान सफाई अभियान में हिस्सा लेती छात्राएं।

### स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर की सफाई की

**लोहारू।** चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने अनेक सामाजिक गतिविधियों में हिस्सा लिया और कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया। शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत एनएसएस गीत के साथ की गई। डॉ अंजू और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा ने बताया कि शिविर में मंगलवार को सफाई अभियान चलाया गया और एनएसएस पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया। इस दौरान नशीली दवाओं के दुरुपयोग विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें स्वयं सेवकों ने काफी उत्साह

### आयोग के वाइस चेयरमैन ने सुनी लोगों की शिकायतें

**भिवानी।** हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के वाइस चेयरमैन विजेन्द्र बड़गुजर ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, भिवानी में उपस्थित लोगों की शिकायतें सुनी और अफसरों को समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर नव निर्वाचित भिवानी बार एसो. अधिवक्ता संदीप तंवर के नेतृत्व में वाइस चेयरमैन विजेन्द्र बड़गुजर का स्वागत किया। वाइस चेयरमैन विजेन्द्र बड़गुजर ने भी परंपरागत रूप से अंग वस्त्र पहनाकर और मिठाई खिलाकर अधिवक्ता संदीप तंवर को जीत की बधाई दी। और वे अपने कार्यकाल में अधिवक्ताओं की भलाई के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे ऐसी मंगल कामना की । उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की भूमिका समाज के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है । जरूरतमंदों को उचित न्याय मिले इसमें उनकी सकारात्मक भूमिका होती है। इस अवसर पर उन्होंने चुनाव प्रबंधन कमेटी एवं जिला प्रशासन की प्रशंसा की।

## गोरक्षक दल द्वारा सूचना देने पर भी समय पर नहीं मिली चिकित्सा

# लापरवाही व ढीली कार्यशैली का आरोप लगाकर फिर से धरने पर बैठे गोरक्षक

- पशु उपचार के लिए एंबुलेंस या वैकल्पिक व्यवस्था के लिए लिखित में दे नगर परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीमार व घायल गौवंश सहित अन्य जानवरों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाना भिवानी नगर परिषद की जिम्मेवारी है, जिसके लिए नगर परिषद के पास एंबुलैंस की सुविधा है, जो कि पिछले तीन माह से खराब पड़ी है। जिसके कारण गौरक्षा दल भिवानी द्वारा नगर परिषद को घायल या बीमार गोवंश सहित अन्य जानवरों तक उपचार सुविधा पहुंचाने की सूचना देने के बाद भी चिकित्सा सुविधा समय पर नहीं पहुंच पाती, जिसके चलते गौवंश सहित अन्य जानवर काल का ग्रास बन रहे हैं।

ऐसा ही दो मामले मंगलवार को एक बार फिर से सामने आए, जब नगर परिषद की पशु उपचार के लिए एंबुलेंस खराब होने के चलते समय पर चिकित्सा सुविधा नहीं पहुंच पाने के कारण दो बीमार सांडों ने दम तोड़ दिया। जिसके विरोध में गौरक्षा दल भिवानी का पारा सातवें आसमान पर चढ़ा तथा उन्होंने नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरना देकर नगर परिषद व पशु चिकित्सकों की लापरवाह कार्यशैली के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बारे में जानकारी देते हुए गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि मंगलवार को उनके पास सूचना आई थी कि बावड़ी गेट पर एक सांड तड़प रहा है, जिसे तुरंत उपचार की जरूरत है। जिसके बाद उन्होंने नगर परिषद को सूचना दी तथा उन्होंने एंबुलैंस खराब होने की बात कहते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली भेजने की बात कही, जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली में बीमार नंदी नहीं चढ़ सकता लेकिन फिर भी ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा वो भी समय पर नहीं पहुंची। जिसके बाद उन्होंने पशु उप निदेशक को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिसके बाद उन्होंने पोलीक्लीनिक में तैनात डा. राजेश जाखड़ को सूचना दी, लेकिन उन्होंने करीबन आधे घंटे बाद चिकित्सा सुविधा भेजी।



भिवानी। नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे गोरक्षक।

### दो गोवंश काल का ग्रास बने

गोरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि मंगलवार को ही धिराणा से एक बछड़े के एक्सीडेंट की सूचना आई थी, तब भी गौरक्षा दल भिवानी ने अपने स्तर पर झज्जर से सुनील निमाणा द्वारा एंबुलैंस का प्रबंध कर घायल बछड़े तक उपचार सुविधा पहुंचाई। जुई से आशीष अग्रवाल द्वारा गौरक्षा दल भिवानी के अनुरोध पर घायल पशुओं के उपचार के लिए कई बार एंबुलैंस की व्यवस्था करवाई थी। संजय परमार ने बताया कि मंगलवार को दो घायल गौवंश के उपचार के लिए नगर परिषद को सूचना दी गई, लेकिन नगर परिषद की लापरवाह कार्यशैली के चलते दोनों गौवंश काल का ग्रास बन गए। संजय परमार ने बताया कि बीते 20 फरवरी को उन्होंने ई-मेल व फोन के माध्यम से एंबुलैंस ठीक होने तक वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने की मांग नगर परिषद से की थी। लेकिन नगर परिषद ने उनकी मांग को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया, जिसके चलते जानवर व अन्य गौवंश काल का ग्रास बन रहे है।

### वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग

संजय परमार ने कहा कि गौरक्षा दल भिवानी ने पशु उपचार के लिए एक एमेरजेंसी नंबर जारी करने व जब तक एंबुलैंस ठीक नहीं हो जाती तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के लिए लिखित में आश्वासन देने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दिया है तथा जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, उनका धरना जारी रहेगा। इस मौके पर कुकी परमार, गोलू शर्मा, शुभम, बलदेव, मोहन, ऋषि सोलंकी, दीपू नाई, सूरज, अमन, केशव, अमन राणा, देव, आदित्य, तुषार, भोला ठेकेदार, मोदी सहित अनेक गौरक्षक मौजूद रहे।



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित छात्राओं को संबोधित करते हुए।

# निबंध प्रतियोगिता में दीक्षा ने मारी बाजी

- प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 50 छात्राओं ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

मंगलवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने भ्रष्टाचार, नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण जैसे विविध विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यकारी प्राचार्य जयपाल शास्त्री ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महिलाओं को शिक्षित करना सबसे आवश्यक है, क्योंकि शिक्षा ही महिला, परिवार और समाज सभी के उत्थान का मूल आधार है। इस निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 50 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने मां की महिमा, नारी सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार, नशा मुक्ति आदि विषयों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता फैलाने का कार्य भी किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को समाज में साहित्य के योगदान तथा समय-समय पर आयोजित होने वाली साहित्यिक प्रतियोगिताओं के महत्व के बारे में अवगत कराया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दीक्षा बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान नेहा बीए तृतीय वर्ष व तृतीय स्थान पूजा रानी बीए प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

## डॉ. नागपाल के अनुभव से जिले के विकास को मिलेगी गति : रीतिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डॉ. मुनीष नागपाल हरियाणा के वरिष्ठ एचसीएस अधिकारी है। इससे पहले वे कृषि एवं कृषि कल्याण विभाग हरियाणा के विशेष सचिव पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। डॉ. मुनीष नागपाल का भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव के पद पर स्थानान्तरण उपरांत कार्यभार संभालने पर नवनियुक्त अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीष नागपाल का पदभार संभालने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रमुख एवं इंडिया स्पोर्ट्स संघ राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रीतिक वधवा ने स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉ. मुनीष नागपाल हरियाणा के वरिष्ठ एचसीएस अधिकारी है। इससे पहले वे कृषि एवं कृषि कल्याण विभाग हरियाणा के विशेष सचिव पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। हाल ही में राज्य सरकार ने उनका तबादला बतौर एडीसी भिवानी तथा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव पद पर किया है।



भिवानी। नवनियुक्त अतिरिक्त उपायुक्त का भिवानी पहुंचने पर स्वागत करते हुए।

# सेक्टर-13 व 23 में सीवरेज समस्या

- एसोसिएशन ने उठाई समस्या का समाधान करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेक्टर-13 व 23 में पिछले कई दिनों सीवरेज की समस्या गहराई हुई है, जो कि दिन-प्रतिदिनि विक्राल रूप लेती जा रही है। सेक्टर-13 में पूर्व मंत्री जेपी दलाल सहित अन्य बड़े-बड़े प्रशासनिक अधिकारियों का निवास स्थान है, लेकिन इसके बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा।

हद की बात तो यह है सैक्टर-13 व 23 में सीवरेज समस्या के समाधान की मांग को लेकर भिवानी व बवानीखेड़ा के विधायक सहित कई बार कष्ट निवारण समिति में भी की जा चुकी है, लेकिन समस्या ज्यो की त्यो बनी हुई है। जिसके चलते सैक्टरवासियों को परेशानियों का सामना कर ना पड़ रहा है। यह बात दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान (आजीवन उपलब्धि पुरस्कार प्राप्त) रामकिशन शर्मा ने सैक्टर में बनी बदहाल सीवरेज व्यवस्था को दिखाते हुए कही। उन्होंने बताया कि करीबन एक वर्ष पहले पूर्व वित्त मंत्री जेपी दलाल के निवास स्थान पर सैंकड़ों की संख्या में सैक्टरवासी मिले थे तथा उन्हे इस समस्या से अवगत करवाया था। जिसके बाद पूर्व मंत्री ने मुख्य प्रशासक को बुलाया और सेक्टर की समस्या के समाधान के निर्देश दिए। जिनमें से केवल एक जिमखाना की समस्या का समाधान हुआ था, बाकी समस्याएं ज्यो की त्यो है। उन्होंने कहा कि सीवरेज व्यवस्था ठप्प होने के चलते पॉश इलाका कहे जाने वाले सैक्टर में हमेशा गंदगी का आलम बना रहता है तथा सीवरेज ओवरफ्लो होने के कारण सीवरेज का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है, जिसके चलते उनका जीना दुश्वार हुआ पड़ा है। उन्होंने कहा कि दि भिवानी रेजीडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा एक बार फिर से भिवानी व बवानीखेड़ा के विधायकों को पत्र लिखकर सीवरेज समस्या के समाधान की मांग उठाई गई है। इस अवसर पर डा. सतबीर, रमेश जैन, डा. फूल सिंह धनाना, रामधन जांगड़ा, ओमप्रकाश, राजेंद्र जोगपाल, हरीश रोहिल्ल, यशपाल जेई आदि मौजूद रहे।



भिवानी। ट्रैक्टर के सहारे पम्प लगाकर गंदे पानी की निकासी करवाते हुए।

### मेले में देशभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने माथा टेका

**भिवानी।** दादू पंथी संत श्री श्री 108 वेणी दास का वार्षिक मेला समीपी गांव ढाणा नरसान में संपन्न हुआ। देश भर से पहुचे श्रद्धालुओं ने अपना माथा टेका। नवयुगल एवं नवजात शिशुओं की जात व जुडला के कार्यक्रम संपन्न हुए। इस अवसर पर महंत गोपाल दास की रानीला एवं महंत गुमान दास बुवानीखेडा ने आगन्तुक श्रद्धालुओ को अपना आशीर्वाद दिया। महंत गुमान दास ने बताया कि 300 वर्ष पुरानी इस सिद्ध स्थान पर बेणी दास ने घोर तपस्या की थी। मुम्बई, दिल्ली कलकता, चेन्नई, गुजरात, राजस्थान व आसपास के श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ यहां पर आकर प्रार्थना करते हैं अखिल भारतीय दादू सेवक समाज के अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने भी परिवार सहित पूजा अर्चना की।

## घायल को मिलेगी 1.5 लाख तक की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने शुरू की पायलट कैशलेस योजना

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई पायलट कैशलेस स्कीम का उद्देश्य दुर्घटना पीड़ितों को अग्रिम भुगतान की आवश्यकता के बिना तत्काल चिकित्सा देखभाल प्रदान करना है। इस योजना के तहत घायल को इलाज के लिए 1.5 लाख रुपये तक की कैशलेस आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि पायलट कैशलेस स्कीम के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए व्यक्ति को एमपेनल्ड अस्पतालों में बिना किसी वित्तीय बोझ के उपचार प्राप्त होगा। इस पहल का उद्देश्य समय पर चिकित्सा देखभाल प्रदान करने में देरी को कम करना और दुर्घटना पीड़ित के जीवित रहने की संभावनाओं को सुधारना है, ताकि उपचार तक त्वरित और कैशलेस आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी विगत दिनों करनाल में प्रदेश के सभी डीसी और एसपी की मीटिंग में इस पायलट स्कीम को लेकर चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि कोई भी सड़क दुर्घटना होती है तो उसे पुलिस कर्मचारी ई-डार पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उसके बाद अस्पताल में पीड़ित व्यक्ति की ट्रांजेक्शन मैनेज आईडी अर्थात टीएमएस बनाई जाएगी। सड़क दुर्घटना के बाद अगला एक घंटा घायल व्यक्ति के लिए गोल्डन हॉवर माना जाता है। इसलिए यह प्रयास किया जाए कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही घायल को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाएं।

# पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान के निधन पर शोक जताया, श्रद्धांजलि दी

- राजनीतिक, सामाजिक संगठनों ने दी सांत्वना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

विधायक सुनील सांगवान के पिता व हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता रहे सतपाल सांगवान के निधन पर अनेक राजनीतिक, सामाजिक संगठनों सहित हलके के सैंकड़ों लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक जताया। इस दौरान उन्होंने गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

दादरी विधायक सुनील सांगवान के निवास पर शोक जताने पहुंचे बेरी विधायक डॉ. रघुबीर कादयान, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व मंत्री संजय सिंह व बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास ने पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान को श्रद्धांजलि दी और कहा कि सांगवान के निधन से न केवल प्रदेश के लोगों को आघात पहुंचा है, बल्कि सियासी दुनिया को भी खासी क्षति पहुंची है। उनकी सोच सामाजिक समरसता और सब को साथ लेकर चलने वाली थी। इसीलिए वह हर वर्ग के लिए आजीवन प्रिय रहे। उन्होंने कहा कि सतपाल सांगवान ने प्रदेश और समाज की जीवनपर्यंत सेवा की। हरियाणा प्रदेश की राजनीति के लिए यह अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, पूर्व विधायक कर्नल रघबीर सिंह, मीनू बेनीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. किरण कलकल, सांसद धर्मबीर सिंह के बेटे मोहित चौधरी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशन शर्मा आद ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



### पूर्व मंत्री सांगवान जुबान के धनी नेता थेः भोलू

भिवानी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. बंसीलाल के हनुमान, किसान रत्न, हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री सतपाल सांगवान के निधन पर शोक जताते हुए छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र भोलू ने शोक जताते हुए कहा कि पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान एक मिलनसार प्रवृति के नेता थे। उन्होंने हमेशा जनता के हितों के कार्य किए। पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान के निधन पर जीवन ज्योति फाउंडेशन, युवा कल्याण संगठन, वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज, एक विचार एक सोच मंच के सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया। शोक जताने वालों में जिला पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप तंवर लेघां, जिला पार्षद नरेन्द्र देवराला, जयपाल तंवर लेघां, अजय नेहरा, धर्मवीर नागर, सोमवीर शर्मा, जितेन्द्र धारीवाल आदि शामिल थे।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या संतोष भाकर को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## सांसद व कुलपति ने किया प्रधानाचार्या को सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** शिक्षा जगत में अपनी मेहनत के दम पर नए नए आयाम स्थापित करने वाली बवानी खेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या संतोष भाकर को सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह चौधरी बंसी विवि में देवी अहिल्या बाई होल्कर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सांसद किरण चौधरी व कुलपति दीप्ति धर्माणी ने प्राचार्या संतोष भाकर को सम्मानित किया। प्राचार्या ने बताया कि उन्हें विद्यालय स्टाफ का सहयोग मिला व अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला जिसके चलते उन्हें कई अवार्डों से सम्मानित किया गया है।

# एसडीम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण गड़बड़ी मिली तो रद हो जाएगा परीक्षा केंद्र

- नकल व अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं होगा सहन : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एसडीएम महेश कुमार ने कहा है कि बोर्ड परीक्षा में नकल व अनुचित साधनों के प्रयोग को किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा । उन्होंने कहा कि नकल को लेकर सरकार बेहद गंभीर है। इस बारे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा स्पष्ट हिदायतें जारी की जा चुकी है । एसडीएम महेश कुमार ने आज बवानीखेड़ा व गांव पुर में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र नकल की दृष्टि से काफी संवेदनशील होते हैं। महेश कुमार ने कहा कि नकल रहित परीक्षा एक सामाजिक पहल होनी चाहिए। इसके लिए समाज के जिम्मेदार व्यक्ति भी प्रशासन के साथ सहयोग सुनिश्चित करें। एसडीएम महेश कुमार ने कहा कि संवेदनशीलता के साथ नकल रहित परीक्षा सुनिश्चित की जाएगी।



भिवानी। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते अधिकारी।

### कोताही बर्दाश्त नहीं

सडीएम महेश कुमार ने ने स्पष्ट किया कि कहीं भी यदि संगठित नकल के प्रयास देखने को मिलते हैं तो ऐसे परीक्षा केंद्र रद्द कर दिए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों के अंदर नकल रहित माहौल सुनिश्चित करने के लिए सेंटर सुपरिटेंडेंट, चीफ सुपरिटेंडेंट व डिप्टी सुपरिटेंडेंट निष्पक्ष होकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी केंद्र पर नकल कराने के प्रयास में संलिप्त जिम्मेदार अधिकारी व शिक्षक के खिलाफ एफआईआर व चार्जशीट जैसे सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे में सभी नकल रहित परीक्षा के लिए सजगता से प्रयास करें। किसी भी हाल में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कार्यशाला | चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में रिज्यूम निर्माण पर कार्यशाला का आयोजन

रिज्यूम' संभावित नियोक्ताओं के लिए आपकी 'पहली छाप'

# प्रभावशाली और पेशेवर रिज्यूम तैयार करने के लिए दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

चौधरी बंसीलाल विवि के कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय में कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी के कुशल नेतृत्व एवं कुलसचिव डॉ ऋतु सिंह के कुशल मार्गदर्शन में रिज्यूम निर्माण कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को प्रभावशाली और पेशेवर रिज्यूम तैयार करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के डीन प्रोफेसर दिनेश मदान और विभाग प्रभारी डॉ प्रीति देवी की देखरेख में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों को रिज्यूम-लेखन तकनीकों में महारत हासिल करके अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने में मदद करना था। कार्यशाला में छात्रों, नए स्नातकों और अपने रिज्यूम को बेहतर बनाने के इच्छुक पेशेवरों सहित विविध दर्शकों ने भाग लिया। उद्योग विशेषज्ञों और करियर कोचों ने अपने कौशल और अनुभव को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने के लिए रिज्यूम संरचना, सामग्री अनुकूलन और प्रारूपण रणनीतियों की अनिवार्यताओं के माध्यम से उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। सत्र के मुख्य आकर्षण में विशिष्ट नौकरी भूमिकाओं के लिए रिज्यूम तैयार करने, सामान्य गलतियों से बचने और एटीएस जैसे आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने के सुझाव शामिल थे।



भिवानी। आयोजित कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थी।

### खूबियों को उजागर करें

उन्होंने कहा, आपका रिज्यूमे संभावित नियोक्ताओं के लिए आपकी पहली छाप है। यह स्पष्ट, संक्षिप्त और आपकी खूबियों को उजागर करने के लिए तैयार किया जाना चाहिए। प्रतिभागियों ने जानकारीपूर्ण सत्र के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की, जिनमें से कई ने कहा कि प्राप्त अंतर्दृष्टि उनके नौकरी खोज प्रयासों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी। प्रश्नोत्तर सत्र में उपस्थित लोगों को विशेषज्ञों से व्यक्तिगत सलाह लेने का अवसर मिला। आयोजकों ने प्रतिभागियों को प्राप्त ज्ञान को लागू करने और अपने विकसित कौशल और अनुभवों को दर्शाने के लिए अपने रिज्यूमे को लगातार अपडेट करने के लिए प्रोत्साहित किया। उपस्थित लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ, आयोजक भविष्य में इसी तरह की कार्यशालाएँ आयोजित करने की योजना बना रहे हैं, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक नौकरी चाहने वालों को आवश्यक कैरियर-निर्माण कौशल से सशक्त बनाना है।

## खबर संक्षेप

### किसानों को सस्ता और आसान ऋण होगा उपलब्ध

**चरखी दादरी।** केंद्रीय बजट 2025-26 में भारत के अन्नदाता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, जिससे सरकार की कृषि विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। केंद्रीय सहकारी बैंक, राज्य स्तरीय बैंकर्स समितियां, कृषि विकास केंद्र और देश के कोने-कोने से आए किसान शामिल थे। 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड खाते हैं।

### किसानों के हित में ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खुला

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि हाल ही में हुई बारिश व ओलावृष्टि की वजह से नष्ट हुई किसानों की फसलों का मुआवजा देने के लिए राज्य सरकार ने ई -क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी से 1 मार्च के बीच हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बरसात व ओलावृष्टि हुई है, जिसकी वजह से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचने का अनुमान है ।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

**भिवानी।** जिला प्रशासन एवं उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा जिला में चार अलग.अलग स्थानों पर सप्तरंग के नाम से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी देते हुए नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि पहला कार्यक्रम 5 मार्च को प्रातः 9:30 बजे राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बवानीखेड़ा में आयोजित किया जाएगा।

### पं. लख्मीचंद की चौथी पीढ़ी संस्कृति बचाने में लगी

**भिवानी।** सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद की चौथी पीढ़ी हरियाणा प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश में सांग के माध्यम से हमारी संस्कृति को बचाने का कार्य कर रही है। यह बात म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद के पैतृक गांव जाटी कला पाठशाला में पोत्र विष्णु दत्त कौशिक द्वारा आयोजित सांग के दौरान उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कही।

### शिविर को सार्थक बनाने में अधिकारियों की अहम भूमिका

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने समाधान शिविर की लंबित शिकायतो का निपटान जल्द से जल्द करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए हैं। उन्होंने कहा यद्यपि ज्यादातर शिकायतों का निपटान मौके पर ही करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी कुछ शिकायतें ऐसी होती है, जिनका समाधान करने में कुछ समय लग जाता है।

### आंगनबाड़ी महिलाएं 6 को पहुंचेगी पंचकूला

**भिवानी।** आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर यूनियन ने बताया कि प्रदेशभर से हजारों की संख्या में आंगनवाड़ी में कार्यरत महिलाएं 6 मार्च को धरना स्थल पंचकूला के ग्राउंड में पहुंचकर अपना रोष प्रदर्शन करेंगी। यूनियन की जिला प्रधान मुर्ति बिजारणियां बताया कि मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांगों बारे अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक किसी प्रकार की एक भी मांग का हल करने की बजाए उन्हें अनाप-शनाप कार्यों में लगा दिया गया है।

### वार्षिकोत्सव का होगा आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित श्री सनातन गौ-सेवा धाम समिति में हर वर्ष की भांति वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 9 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम डेरा बाबा रामरूप जी महाराज के महंत बाबा गुमानदास एवं बाबा सोमवारपुरी कुटियाधाम के महंत कैलाशगिरी महाराज के सानिध्य में होगा। जिसमें बतौर मुख्याअतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी रतनलाल हवेलिया, समारोह अध्यक्ष विधायक कपूर वाल्मीकि होगें। इसमें उद्योगपति एवं समाजसेवी घनश्यामदास धारड़ा की गरिमामय उपस्थिति होगी।

---

## आदर्श महिला महाविद्यालय में अन्त महाविद्यालय प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

# शैक्षिक प्रतियोगिताओं में भागीदारी से नवाचार एवं नेटवर्किंग का सृजन: बुवानीवाला

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

शैक्षिक प्रतियोगिताओं में भागीदारी से विधार्थियों में प्रतिस्पर्धा, आत्मविश्वास एवं कौशल का सृजन होता हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से शैक्षिक उपलब्धियो का मूल्यांकन करने में सहायता मिलती हैं। यह उद्गार बतौर मुख्य अतिथि आदर्श महिला महाविद्याल में आयोजित अन्तः महाविद्यालय प्रतियोगिता 'स्पर्धा' में महाविद्यालय प्रबधकारिणी समिति महासचिव अशोक बुवानीवाला ने कहें। उन्होनें यह भी कहा कि इस मंच के माध्यम से विधार्थियों को अपने ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त होता हैं।

**खास बातें** विभिन्न जिलों के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों ने अपनी टीमों के साथ भाग लिया

- प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलो से आठ महाविद्यालयों ने अपनी टीम के साथ की शिरकत

### टीमों ने दिखाया दमखम

गौरतलब हैं कि महाविद्यालय में बीसीए विभाग द्वारा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, विज्ञान विभाग द्वारा पीपीटी प्रतियोगिता, हिन्दी, अग्रेजी एवं संस्कृत विभाग द्वारा कविता गायन प्रतियोगिता और समाज विज्ञान सोसाएटी द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न जिलों के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों ने अपनी टीमों के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में राजीव गांधी महिला महाविद्यालय (भिवानी), एमएनएस महाविद्यालय (भिवानी), चौधरी बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय (तोशाम), वैश्य महाविद्यालय (भिवानी), के.एम कॉलेज (भिवानी), सनातन धर्म महाविद्यालय (हांसी) एवं पंड़ित सीताराम महाविद्यालय (भिवानी) सहित कई महाविद्यालयों ने अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की।



भिवानी। दीप प्रज्ज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### प्राचार्या डॉ. अलका ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया

निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता में डॉ. इंदु शर्मा, अंग्रेजी कविता गायन प्रतियोगिता में डॉ. रणधीर सिंह, संस्कृत कविता गायन प्रतियोगिता में आचार्य बृज लाल शास्त्री डिक्लेमेशन प्रतियोगिता में डॉ. जगबीर मलिक एवं नीटा चावला, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन भौतिक एवं रसायन प्रतियोगिता में डॉ. अनिल कुमार एवं डॉ. संचिता, बॉटनी में डॉ. वेद प्रकाश, जीव विज्ञान में डॉ. कौशल संघी, गणित में अमित कुमार, कम्प्यूटर सांइस में ज्योति चौधरी ने निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

### किशन अग्रवाल ने की प्रतिभागियों की सराहना

प्रतियोगिता को प्रेरणादायक बताते हुए विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। स्वयंसेवी विजय किशन अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, बल्कि उनकी प्रतिभा को निखारने में भी सहायक होती हैं। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया और सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई। इस अवसर पर प्रबंधककार्यकारिणी समिति सदस्य प्रीतम अग्रवाल, नन्द किशोर अग्रवाल विशेषतौर पर उपस्थित रहें।

---

## शपथ ग्रहण में मुख्य अतिथि पहुंचे जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी आर चालिया

# भिवानी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली गोपनीयता की शपथ

प्रधान संदीप तंवर ने कहा, चुनाव से पूर्व किए गए सभी वादों को किया जाएगा सभी अधिवक्ताओं को बीमा पॉलिसी में सम्मलित किया जाएग।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**





भिवानी। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए व बार एसोसिएशन हॉल में उपस्थित अधिवक्ता। फोटो: हरिभूमि

कोर्ट परिसर के जिला बार एसोसिएशन हॉल में शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिला बार के चुनाव कमेटी के अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद तंवर ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में हॉल पूरी तरह से खचाखच भरा हुआ था और समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया व अन्य न्यायाधीशों ने शिरकत कर चार चांद लगा दिये। नव नियुक्त प्रधान संदीप तंवर, उप प्रधान रेणूबाला सैनी, सचिव विनोद भारद्वाज, सह-सचिव सोनू शर्मा, कोषाध्यक्ष कंचन रखेजा, लाइब्रेरियन नीर कैलाश, ओडिटर कन्हैया लाल ने संयुक्त रूप से कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी मिली है वे उनका बखूबी निर्वहन करेंगे। मंच से अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधान संदीप तंवर ने कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान जो अधिवक्ताओं से वादे किये थे वे उन्हें पूरा करेंगे इसके अलावा सभी अधिवक्ताओं का बीमा करवाया जाएगा, उपभोक्ता न्यायालय को न्यायालय परिसर में लाया जाएगा एवं अधिवक्ताओं के बैठने स्थानों की व्यवस्था की जाएगी तथा अधिवक्ताओं के विकास के लिए अधिक से अधिक कार्य कराए जाऐंगे। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बार के सीनियर अधिवक्ता सोहन लाल मक्कड़, बी.बी. जैन, सुंदर सिंह तंवर, बलबीर शर्मा, रघबीर रंगा, अमर सिंह हालुवासिया, सुनील शर्मा दादरी वाला, जय पाल सिंह चौहान, महेंद्र सरदाना, ओम स्वरूप शर्मा, अजीत सिंह, ओम परमार, विक्रम सिंह तंवर, लीला कृष्ण आहुजा, कुलदीप शर्मा बापोड़ा, साहिल शर्मा, सत्यव्रत, शंकर शर्मा, बलबीर सिंह इंदौरा, अशोक बिडलान, सुरेंद्र हंस, रविंद्र पूनिया, राजीव गौड़, विकल गार्गी, पवन परमार, वीरभान मलिक, जोगेंद्र तंवर पूर्व प्रधान, कृष्ण शर्मा, बृजपाल परमार, संजय सोनी, सुमित जांगड़ा, पंकज शर्मा, प्रदीप धिराणा, शमशेर दहिया, अजय हालुवासिया, अजय सर्राफ, सनेश चौधरी, मुकेश चौहान, जेपी तंवर, संजीव तंवर, राजेंद्र कौशिक, गोपाल शर्मा, चंद्रपाल चौहान, प्रदीप यादव, देवेंद्र तंवर हालुवासिया, संदीप राठोड सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

### विकास के अधिक से अधिक कार्य कराए जाएंगे

इस अवसर पर नव नियुक्त सचिव विनोद व अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जिला बार एसोसिएशन के विकास के लिए अधिक से अधिक कार्य कराए जाऐंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बार एसोसिएशन के विकास के लिए किसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी वे उसके लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

---



बवानीखेड़ा। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना पंचकूला के दिशानिर्देश के अनुसार जिला परियोजना संयोजक कार्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में उपस्थितजन।

# 7 खंडों के 72 बच्चों ने स्पर्धाओं में लिया भाग

- निर्णायक मंडल में डॉ हरीश कुमार श्रुति, मोनिका, सोमबीर, सुमन लता, शीतल शर्मा, ममता, क्षमा, ओम प्रकाश, शकुंतला, प्रीति तथा सोनिया ने निभाई

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा**

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना पंचकूला के दिशानिर्देश के अनुसार जिला परियोजना संयोजक कार्यालय समग्र शिक्षा भिवानी द्वारा विद्यार्थियों में पठन पाठन की आदतों को विकसित करने के उद्देश्य से भिवानी के जिला परियोजना संयोजक कार्यालय में पठन प्रोत्साहन माह समारोह के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा द्वारा बताया गया की यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित करवाई गई। कक्षा 6 से 8 में जिला भिवानी के सात खंडों के लगभग 72 बच्चों द्वारा 4 विधाओं वाद विवाद प्रतियोगिता, वर्तनी प्रतियोगिता, स्पेल बी प्रतियोगिता तथा कहानी लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। सभी विधाओं में कक्षावार प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त कार्यभार जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा सुभाष चंद्र भारद्वाज, खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार, प्राचार्य पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा आनंद कुमार, सहायक परियोजना संयोजक विवेक अदलखा, कर्मवीर तथा बलजीत सिंह दहिया द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। निर्णायक मंडल में डाइट बिरही कलां से प्रवक्ता डॉ हरीश कुमार श्रुति , मोनिका, सोमबीर, जिला भिवानी के विभिन्न विद्यालयों से प्रवक्ता सुमन लता, शीतल शर्मा, ममता, क्षमा, ओम प्रकाश मेहता, शकुंतला, प्रीति तथा सोनिया, द्वारा निभाई गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बीआरपी प्रदीप कुमार, सोनिया, एबीआरसी पंकज रानी, पूनम आदि का विशेष योगदान रहा।

---

# श्री श्याम सेवा समिति ने श्रद्धालुओं के लिए लगाया 5 दिवसीय भंडारा

- खाटू धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थों का आवागमन शुरू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू**

फाल्गुन माह की शुरुआत होने के साथ ही विभिन्न जिलों से लोहारू के रास्ते राजस्थान के खाटू धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थों का आवागमन शुरू हो जाता है। पैदल श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर शहर के श्री हनुमान उजाडिय़ा मंदिर परिसर में श्रीश्याम सेवा समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय भंडारे का आयोजन किया तथा भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीश्याम सेवा समिति के संरक्षक राधेश्याम स्वामी, संस्थापक सुरेश डिडवानिया और प्रधान लीलाधर डालमिया ने बताया कि श्रीश्याम सेवा समिति द्वारा लोहारू में प्रतिवर्ष लोहारू के रास्ते खाटू धाम जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार भी समिति के तत्वावधान और शहरवासियों के सहयोग से श्री उजाडिय़ा हनुमान मंदिर में भंडारा लगाया है तथा इस भंडारे में भिवानी, दादरी और आसपास के जिलों के विभिन्न कस्बों और गांवों से खाटू धाम जाने वाले अनेक जत्थों ने उजाडिय़ा मंदिर में ठहराव किया और प्रसाद किया गया। इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि प्रकार के धार्मिक आयोजनों से लोगों में भगवान के प्रति श्रद्धा का भाव पैदा होता है।



लोहारू। उजाडिय़ा हनुमान मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

---

# संगीतमय कथा से श्रोता हुए भाव विभोर

- श्री अलख आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण द्वारा कंस वध, जरासंध युद्ध और श्री कृष्ण का रूकमणी के साथ विवाह का वर्णन किया गया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल**

श्री अलख आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण द्वारा कंस वध, जरासंध युद्ध और श्री कृष्ण का रूकमणी के साथ विवाह का वर्णन किया गया। कथावाचक गोशिका गिरी द्वारा संगीतमय कथा के वाचन से श्रोतागण भाव विभोर हो गए। वहीं, भगवान श्री कृष्ण का रूकमणी के साथ हुए विवाह में श्रोता के रूप में बैठे भक्तजन बाराती बनकर भक्तिभाव में खूब झूमे। मंगलवार को आश्रम के पंडाल में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। गोशिका गिरि ने श्रोताओं को बताया कि भगवान श्री कृष्ण जब बड़े हुए तो उन्होंने जेल में बंद अपने पिता वासुदेव व माता देवकी को छुड़ाने के लिए कंस का वध कर देते हैं। कंस वध से नाराज हुए कंस के ससुर मगध के राजा जरासंध ने श्री कृष्ण से कंस के वध का बदला लेने के लिए मथुरा पर 17 बार आक्रमण किया। हर बार श्री कृष्ण और बलराम ने उनको पराजित किया और छोड़ दिया। बलराम के यह पूछने पर कि हम जरासंध को मारते क्यों नहीं है तो श्री कृष्ण ने उत्तर दिया कि वो हर बार युद्ध के लिए अपने जैसे अधर्मी राजा को लेकर सामने आते हैं। इससे हमें अधर्मी राजाओं को मारने के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है।



बहल। श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देती कथावाचक गोशिका गिरी। फोटो: हरिभूमि

### भगवान की अन्य लीलाओं का वर्णन किया

साध्वी गोशिका गिरी ने बताया कि अठाहरवीं बार श्री कृष्ण ने मथुरावासियों को द्वारका में ले जाकर बसा दिया। कथा में भगवान श्री कृष्ण का गुरुकुल में जाना, कालिया नाग का वध, जरासंध युद्ध सहित भगवान की अन्य लीलाओं का वर्णन किया गया। गोशिका गिरि ने श्री कृष्ण विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण से रूकमणी का भाई शत्रुता रखता था। वह अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से करना चाहता था।

---

# स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना से युवा एथलीटों को मिलेंगी खेल सुविधाएं

- सांसद किरण चौधरी ने खेल महाविद्यालय की स्थापना के लिए मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को पत्र लिखा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने भिवानी में चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय से संबद्ध एक खेल महाविद्यालय की स्थापना के केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को एक और पत्र लिखकर आग्रह किया है कि भिवानी में एक खेल महाविद्यालय की स्थापना की जाए। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय खेल मंत्री को बताया को बताया कि हरियाणा में विशेष रूप से भिवानी में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा कि यदि इस स्तर पर विश्वविद्यालय संभव नहीं है, तो भिवानी में एक खेल महाविद्यालय की स्थापना की। जाए जो चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय से विधिवत संबद्ध हो।

राज्यसभा सांसद ने बताया कि हरियाणा ने खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, हॉकी और एथलेटिक्स में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन तैयार किए हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। हमारे पास बेहतरीन खेल प्रतिभाएं हैं जिन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

---

## वैश्य महाविद्यालय में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर विस्तार व्याख्यान

# एआई के युग में लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ें छात्र

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी**

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग द्वारा आर्टिफिशल इंटेलिजेंस विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विस्तार व्याख्यान का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल, मुख्य वक्ता टोरंटो से पधारे टेक्नोलॉजिस्ट एक्सपर्ट अंशुल रुहिल,स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को कहा कि आज प्रतिस्पर्धा,साइंस एंड टेक्नोलॉजी का युग है। आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता और अधिक बढ़ेगी इसलिए विधार्थियों को एकाग्रता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस विस्तार व्याख्यान के आयोजन के लिए स्वपोषित विभाग को बधाई दी। विस्तार व्याख्यान के मुख्य वक्ता टोरंटो से पधारे टेक्नोलॉजिस्ट एक्सपर्ट अंशुल रुहिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश आज साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की हासिल कर विश्व पटल पर अपना परचम लहराया रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों कोआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में स्थिरता के साथ लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ने की सीख दी।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### एआई की उपयोगीता व तकनीक के बारे में बताए

उन्होंने विद्यार्थियों को स्थिरता, रिस्क मैनेजमेंट, लगनशीलता, पावर ऑफ कंपाउंडिंग, फैलियर, साकारात्मक सोच, विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वसुदेव कुटुम्बकम के सूत्र के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग ने प्राचार्य डॉ संजय गोयल, मुख्य वक्ता टोरंटो से पधारे टेक्नोलॉजिस्ट एक्सपर्ट अंशुल रुहिल,उनकी टीम के सदस्यों अमित परमार,रिया गलहोत्रा व राकेश रूहील का विस्तार व्याख्यान में पधारने पर धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह की व्याख्यान के आयोजन का विद्यार्थियो को पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की उपयोगीता व तकनीक के बारे में बताते हुए कहा कि तकनीक का समुचित उपयोग करते हुए मानवीय बुद्धि का उपयोग भी जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### बिजली पेंशनर्ज की मासिक बैठक 7 को

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक 7 मार्च को प्रातः 10 बजे नेहरू पार्क में जिला प्रधान बाल मुकुंद बापोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला महासचिव आर.के चावला ने बताया कि बैठक में प्राप्त हुई पेंशनर्ज की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों से समाधान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में कैशलैस के लिए पेंशनर्ज के आवेदन भरे जाएंगे वे अपना आधार काड्र, पीपीओ की फोटो कॉपी तथा आश्रित सदस्य का बायोडाटा साथ लेकर आए।

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 12 को

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि राजकीय आईटीआई के प्रांगण में 12 मार्च को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में फिटर, इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, आर० ए० सी०, ट्रेक्टर मैकेनिक,टी. पी. ई. एस., शीट मेटल, से पास लडके व लड़कियां जिसने आईटीआई पास की हो वे भाग ले सकते हैं। प्राचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में स्वराज इंजन लिमिटेड कंपनी मोहाली पंजाब के अधिकारी विद्यार्थियों का अप्रेंटिस व प्लेसमेंट हेतु चयन करेंगे। आईटीआई पास छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 18 से 26 वर्ष तक हो वह भाग ले सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक आईटीआई पास छात्रों को रोजगार मेले में भाग लेकर लाभ उठाने की अपील की है।

# फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने किया रोड जाम

## पांच दिन पहले हुई ओलावृष्टि से रवि की फसलों में हुआ है नुकसान, रिपोर्ट में कम दर्शाया



**बाढड़ा।** रोड पर बैठे हंसावास कला के ग्रामीण और बर्बाद फसलों के मुआवजें की मांग को लेकर नारेबाजी करते किसान।। फोटो : हरिभूमि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बीते पांच रोज पहले हुई ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद होने को लेकर किसानों में रोष बना हुआ है। प्रभावित किसान मंगलवार को गांव हंसावास कलां बस अड्डे पर एकत्रित हुए। इस दौरान किसानों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया और बाढ़ड़ा-सतनानली मुख्य सड़क मार्ग पर जाम लगाकर मुआवजे की मांग की।

किसानों ने शीघ्र उनकी मांग पूरी नहीं करने पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। किसानों ने कहा कि ओलावृष्टि से उनकी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। लेकिन विभाग द्वारा नुकसान की रिपोर्ट तैयार की गई है उसमें नुकसान कम दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र स्पेशल गिरदावरी करवाकर किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए।

बीते शुक्रवार रात को बाढ़ड़ा क्षेत्र के कई गांवों में बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से फसलों को काफी नुकसान हुआ। इसके अलावा बारिश के साथ अंधड़ आने से भी गेहूं,सरसों की फसलें जमीन पर बिछ गई जिससे काफी नुकसान हुआ। प्रभावित किसान,किसान संगठनों के लोग लगातार नुकसान की भरपाई के लिए स्पेशल गिरदावरी करवाकर मुआवजे की मांग कर रहे है। इसी को लेकर किसान मंगलवार को गांव हंसावास कलां बस अड्डे पर एकत्रित हुए और मुआवजे की मांग की लेकर रोष प्रदर्शन किया।

रोष जता रहे किसान पूर्व सरपंच दिनेश,राजबीर नंबरदार,जयसिंह, सत्यवान आदि ने कहा कि ओलावृष्टि से उनकी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। लेकिन विभाग द्वारा नुकसान की जो रिपोर्ट तैयार की गई है उसमें नुकसान कम दर्शाया गया है।

### धरना करेंगे शुरू

रोष जता रहे किसानों ने कहा कि शीघ्र उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे गांव के बस अड्डे पर टैंट लगा अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे और दोबारा से रोड़ जाम करेंगे। यदि फिर भी उनकी मांग पर संज्ञान नहीं लिया गया तो महापंचायत बुलाकर बड़े आंदोलन की शुरूआत करेंगे।

### बुजुर्ग ग्रामीणों ने खुलवाया जाम

स्पेशल गिरदावरी करवाकर किसानों ने प्रति एकड़ 50 हजार रुपये मुआवजा देने की मांग की। किसानों ने रोष जताते हुए जाम भी लगा दिया। लेकिन कुछ ही मिनट बाद गांव के मौजिज लोगों ने समझाया कि जाम लगाना समस्या का हल नहीं है वे अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों से मिलकर मांग उनके समक्ष रखेंगे।

### जनप्रतिनिधि करें मौके का निरीक्षण

रोष जता रहे ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव में सबसे अधिक नुकसान हुआ है जबकि विधायक व अधिकारी दूसरे गांवों में चक्कर लगा रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक,सांसद व विभाग के अधिकारी उनके गांव में मौके का निरीक्षण करें और उसके बाद रिपोर्ट तैयार करें ताकि वास्तविक नुकसान का पता चल सके। उन्होंने कहा कि गेहूं,सरसों व सब्जी की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है जबकि विभाग जो रिपोर्ट तैयार कर रहा है उसमें काफी कम नुकसान दिखाया गया है।



**भिवानी।** खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए।

# विजेता टीम के खिलाड़ियों का गांव में किया स्वागत

■ 37वीं जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में हरियाणा की टीम ने जीता है गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीते दिनों आयोजित हुई 37वीं जूनियर राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप के फास्ट फाइव, मिक्स जूनियर इवेंट में हरियाणा की टीम ने गोल्ड मैडल हासिल किया है। पदक विजेता हरियाणा की टीम में जिला के गांव कलिंगा स्थित सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी लड़कियों की टीम में निर्मला निक्की व कशिश तथा लडक़ों की टीम में दिव्य भी शामिल रहे। जिन्होंने हरियाणा की टीम को गोल्ड मैडल दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। पदक विजेता टीम के खिलाडिय़ों का मंगलवार को गांव कलिंगा में जोरदार स्वागत किया गया। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों का फूल-मालाओं व नोटों की माला से लादकर भव्य स्वागत किया तथा खुली जीप में बैठाकर विजय जुलूस निकाला गया।

इसके उपरांत खिलाड़ी स्कूल में पहुंचे, जहां पर विद्यालय निदेशक पवन कौशिक, प्राचार्य अतर सिंह, संचालिका रेणुका शर्मा की अगुवाई में समस्त स्कूल स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने विजेता खिलाडिय़ों का जोरदार स्वागत किया। खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्यअतिथि अनिल बल्हारा, सुंदर सिंह व गांव के सम्मानितगण मौजूद रहे। इस मौके पर श्रीबालाजी स्कूल के निदेशक पवन कौशिक व संचालिका रेणुका शर्मा ने कहा कि खिलाड़ी निर्मला निक्की, कशिश व दिव्य ने अपने श्रेष्ठ खेल प्रदर्शन का परिचय देकर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम को गोल्ड मैडल दिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि खिलाडिय़ों की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भागीदारी करने के लिए प्रेरित करेंगी। कोच शबनम दहिया ने बताया है यह सब खिलाडिय़ों की मेहनत एवं कड़े परिश्रम का ही फल है। वही खिलाड़ी निर्मला निक्की, कशिश व दिव्य ने इस उपलब्धि का श्रेय अभिभावागण, गुरूजनों व कोच शबनम दहिया को दिया तथा कहा कि उनके मार्गदर्शन के चलते ही वे यह उपलब्धि हासिल कर पाएं है। इस मौके पर अनेक खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# अवैध खनन कतई नहीं होने देगा प्रशासन : नैन

■ माइनिंग विभाग की टीमें निरन्तर गांवों का मौके पर जाकर निरीक्षण करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम डॉ. अशवीर सिंह नैन ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह, खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग व डीसी महावीर कौशिक के निर्देशन खनन के संदर्भ में कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो विभाग की निरीक्षण टीम और राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई तुरंत प्रभाव से अमल में लाई जाएगी।

सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार उपमंडल में अवैध खनन को रोकने के लिए माइनिंग विभाग की टीमें निरन्तर गांवों का मौके पर जाकर निरीक्षण करें।

माइनिंग विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग की टीमें खानक और खरकडी जोन में जाकर स्थिति का जायजा ले रही हैं। इस दौरान ग्रामीणों को अवैध खनन न करने की हिदायतें दे रही हैं और ऐसा करने वालों के बारे में लोगों को जिला प्रशासन को सूचना देने का भी आह्वान कर रही हैं।

# एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

■ परीक्षा केन्द्र अधीक्षक एसएमसी के सदस्यों से सहयोग की अपील करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम डॉ. अशवीर नैन ने मंगलवार को बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था परखी। एसडीएम डॉ. नैन ने पटौदी, ईशरवाल, दुल्हेड़ी गांव में बने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर ड्यूटी दे रहे परीक्षा केंद्र अधीक्षक, सुपरवाइजर व पुलिस स्टाफ को नकल पर नकेल कसने के लिए कोई कोताही न बरतने के कड़े निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. अशवीर नैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इस मामले को बहुत ही गंभीरता से ले रहे हैं। ऐसे में परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी के लिए संबंधित व्यक्ति प्रशासन की कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

एसडीएम ने परीक्षा सामग्री वितरण व्यवस्था का आंकलन किया। साथ ही सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मियों के संख्या बल और नकल रहित परीक्षा के लिए किए गए इंतजाम देखे। एसडीएम डॉ नैन ने कहा कि दसवीं व 12वीं की नकल रहित परीक्षा करवाने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस का सख्त पहरा सुनिश्चित किया गया है। एसडीएम।डॉ नैन ने कहा कि नकलची विद्यार्थी जीवन में कभी भी सफल नहीं होते, नकल विद्यार्थियों के लिए अभिशाप है। एसडीएम ने अधिकारियों व पुलिस कर्मचारियों को मुस्तैदी से डयूटी करने के बारे निर्देश देते हुए कहा की केन्द्र के आस- पास किसी भी प्रकार का बाहरी लोगों का दखल न हो, नकल के मामले में सख्ती से निपटें और सुनिश्चित करें कि परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्रित न हो। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अधीक्षक परीक्षार्थी पर संदेह होने के स्थिति में तुरंत स्क्रैनर की मदद से जांच करें और जरूरी हो तो पुलिस का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र अधीक्षक एसएमसी के सदस्यों से बैठक कर नकल रहित परीक्षा के बारे में चर्चा करें और उनसे पूर्ण सहयोग की अपील करें।



**तोशाम।** परीक्षा केंद्र के रिकार्ड की जांच करते एसडीएम।

# पुलिस अधीक्षक ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने दादरी जिले के बोर्ड परीक्षा केंद्र समसपुर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रणाली, सीसीटीवी निगरानी, छात्रों के बैठने की व्यवस्था आदि का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एसपी ने पुलिस कर्मचारियों को सतर्क रहने और हर स्थिति पर नजर बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए, ताकि परीक्षा को पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष संपन्न करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और केंद्रों की दीवार के 100 मीटर के दायरे में किसी को भी खड़ा ना होने दिया जाए। परीक्षा पूरी पारदर्शिता और कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच संपन्न हो। उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहते हुए बोर्ड के दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### घर में घुसकर गहने चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, जेवरात किए बरामद

**चरखी दादरी।** पुलिस ने शहर के बाल्मीकि बस्ती में घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित दासराम ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि एक मार्च को वह पत्नी बाला देवी के साथ महम दवाई लेने के लिए गया था। दवाई लेने के बाद वह लाहली में उसके लड़के विक्की के पास रुक गया था। जब वह 3 मार्च को वापिस घर आया तो घर के अन्दर कमरे का ताला टूटा हुआ मिला तथा कमरे में रखी अलमारी व संदूक का ताला भी टूटा हुआ और सामान बिखरा हुआ था। जांच करने पर पता चला कि संदूक के लॉकर से 4 अंगूठी सोना, दो मंगलसूत्र सोना, एक जोड़ी सोने के टॉपस, एक जोडी सोना की बाली, एक जोड़ी सोने की मुरकी, दो जोड़ी चांदी की पाजेब सहित अन्य कीमती सामान चोरी हो गया। बीती रात पुलिस ने बाल्मीकि बस्ती निवासी आरोपी शिवम उर्फ शिबड़ी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरी के जेवरात बरामद किए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धांजलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

# शिविर की शिकायतों को हर रोज पोर्टल पर करें अपडेट

■ अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

समाधान शिविर में आने वाली हर शिकायत को अधिकारी पोर्टल पर अपलोड करें और साथ में समस्या की वर्तमान स्थिति के बारे में भी अपडेट करते रहें ताकि लोगों को किसी प्रकार कोई परेशानी न हो। एसडीएम आशीष सांगवान व सीटीएम जितेन्द्र ने आयोजित समाधान शिविर में शिकायतों के निपटारे के दौरान यह बात कही।

समाधान शिविर में आई शिकायतों लेकर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपनी समस्याओं को समाधान शिविर के माध्यम से समाधान करवाने का आह्वान किया जा रहा है। ऐसे में प्रशासन को ओर अधिक तत्परता से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी नागरिकों को सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। सरकार अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं के साथ जोड़ना चाहती है, उसके लिए जरूरी है कि विभाग आपसी तालमेल रखे और नागरिकों को समयबद्ध तरीके से लाभ पहुंचाएं। उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि वे अपनी शिकायतों का इन समाधान शिविरों के माध्यम से निवारण करवाएं। समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं।

# देश को आतंकवाद जैसी ताकतों से सुरक्षित रखना बहुत जरूरी : भारद्वाज

■ प्रत्येक वर्ष 4 मार्च को मनाया जता है राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर समाज व राष्ट्र को समर्पित नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के द्वारा विवेकानंद हाई स्कूल के प्रेयर ग्राउंड में राष्ट्रध्वज के साथ देश की एकता अखंडता व सामाजिक समरसता व राष्ट्र के उत्थान के लिए विद्यार्थियों ने संकल्प लिया।

भारत में प्रत्येक वर्ष 4 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य देश की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके महत्व को समझाना है। यह दिन भारतीय सुरक्षा बलों की कड़ी मेहनत, समर्पण और बलिदान को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विवेकानंद हाई स्कूल संचालिका सावित्री यादव एवं भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि देश को चारों तरफ से मजबूत रखने की जरूरत है, देश की सेना के सैनिकों के बल पर आज भारत चारों तरफ से सुरक्षित है। देश को जाति धर्म व संप्रदाय की लड़ाई से बचाना भी आज वर्तमान में बहुत जरूरी है। देश की सुरक्षा के लिए हर नागरिक का जागरूक रहना जरूरी है। इस अवसर पर मास्टर दयानन्द, सतीश यादव, मास्टर अमित कुमार, अमन कुमार, कपिल वर्मा, कविता रंगा आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे।

## 17 मार्च से शुरू होगी प्राइमरी क्लास के बच्चों की परीक्षाएं

# ‘बाल वाटिका’ के बच्चों से पूछे जाएंगे ‘मौखिक सवाल’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अब बाल वाटिका से लेकर पांचवीं कक्षा के बच्चों की 17 मार्च से परीक्षाएं शुरू होगी। हालांकि बाल वाटिका के बच्चों की 17 को अंग्रेजी,19 को हिंदी विषय के मौखिक तौर पर ही सवाल पूछे जाएंगे,लेकिन पहली से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों की लिखित व मौखिक तौर पर भी परीक्षाएं होंगी। पहली क्लास की परीक्षाएं 17 मार्च से शुरू होकर 22 मार्च तक संचालित होगी।

इस बारे में शिक्षा विभाग ने सभी स्कूल मुखियाओं को पत्र जारी करके परीक्षा का आयोजन कराए जाने के निर्देश दिए है। खैर परीक्षा के आयोजन का समय निर्धारित नहीं किया गया है,लेकिन माना जा रहा है। परीक्षाएं सुबह की ही पारी में आयोजित करवाई जाएगी। इसी तरह छठी से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा होली से पहले दस मार्च से शुरू होगी और 24 मार्च तक आयोजित कराई जाएगी। इस बारे में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए जा चुके है।

**तीसरी के बच्चों की होगी मौखिक परीक्षा:** इस बार पहली व दूसरी बाल वाटिका कक्षा के बच्चों की परीक्षा नहीं होगी,बल्कि तीसरी बाल वाटिका कक्षा के बच्चों की परीक्षा का आयोजन होगा। इस क्लास के बच्चों की 17 मार्च को अंग्रेजी मौखिक तथा 19 मार्च को हिंदी विषय की मौखिक परीक्षा होगी। इन बच्चों का रिजल्ट भी पहली क्लास से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के साथ ही घोषित कियाज जाएगा।

| तारीख | क्लास पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी | पांचवीं |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 मार्च | अंग्रेजी लिखित एसाइनेमेंट | गणित लिखित एसाइनेमेंट | गणित लिखित एसाइनेमेंट अंग्रेजी | गणित | |
| 18 मार्च | अंग्रेजी मौखिक एसाइनेमेंट | ——————— | अंग्रेजी मौखिक एसाइनेमेंट | —— | —— |
| 19 मार्च | गणित लिखित एसाइनेमेंट | हिंदी लिखित एसाइनेमंट | अंग्रेजी लिखित एसाइनेमंट | गणित | अंग्रेजी |
| 20 मार्च | ——— | हिंदी मौखिक एसाइनमेंट | हिंदी लिखित एसाइनेंमेंट | —— | हिंदी |
| 21 मार्च | हिंदी लिखित एसाइनेमेंट | अंग्रेजी मौखिक एसाइनमेंट | हिंदी मौखिक एसाइनमेंट | ईवीएस | —— |
| 22 मार्च | हिंदी मौखिक एसाइनमेंट | अंग्रेजी लिखित एसाइनमेंट | ईवीएस लिखित एसाइनमेंट | हिंदी | ईवीएम |

### छठी से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों की परीक्षा शैडयूल

| तिथि | छठी कक्षा | सातवीं कक्षा | आठवीं कक्षा |
|---|---|---|---|
| 10 मार्च | गणित | विज्ञान | अंग्रेजी |
| 13 मार्च | हिंदी | गणित | विज्ञान |
| 17 मार्च | विज्ञान | सोशल साइंस | गणित |
| 19 मार्च | अंग्रेजी | हिंदी | सोशल साइंस |
| 21 मार्च | सोशल साइंस | अंग्रेजी | हिंदी |
| 22 मार्च | संस्कृत/पंजाबी/उर्दू | चित्रकला/ गृह विज्ञान/म्यूजिक | चित्रकला/ गृह विज्ञान/म्यूजिक |
| 24 मार्च | चित्रकला/ गृह विज्ञान/म्यूजिक | संस्कृत/पंजाबी/उर्दू | संस्कृत/पंजाबी/उर्दू |